पाठ 46 帰国する前に、雪を見ることができて幸せです

किकोकु सुरु माए नि, युकि ओ मिरु कोतो गा देकिते शिआवासे देसु

アンナ आन्ना	もしかして、雪？ मोशिकाशिते, युकि?	अरे! बर्फ़?
健太 केन्ता	これは、粉雪。粉のようにさらさらしているでしょ。 कोरे वा, कोनायुकि। कोना नो योउनि सारासारा शितेइरु देशो।	यह महीन बर्फ़ है। पाउडर की तरह हल्की और महीन है न?
アンナ आन्ना	帰国する前に、雪を見ることができて幸せです。 किकोकु सुरु माए नि, युकि ओ मिरु कोतो गा देकिते शिआवासे देसु।	मैं बहुत ख़ुश हूँ कि मैं अपने देश लौटने से पहले बर्फ़ देख सकी।

व्याकरण सीखें

① **_ नो योउनि** (_ की तरह)

उदाहरण) कोना नो योउनि (पाउडर की तरह)।

② **क्रिया का मूल-रूप + माए नि** (_ करने से पहले)

◈ जब एक काम करने से पहले कोई दूसरा काम किया हो तो, दूसरे काम के बाद **माए नि** यानी "से पहले" लगाते हैं। **माए नि** के पहले वाली क्रिया हमेशा मूल-रूप में होती है।

उदाहरण) गोहान् ओ ताबेरु माए नि, ते ओ आराइमाशिता। (खाना खाने से पहले, हाथ धोए।)

◈ जब एक काम करने के बाद कोई दूसरा काम किया हो, तो पहले काम के बाद **आतो दे** यानी "के बाद" लगाते हैं। **आतो दे** से पहले आने वाली क्रिया हमेशा **ता**-रूप में होती है।

उदाहरण) गोहान् ओ ताबेता आतो दे, ओसारा ओ आराइमासु। (खाना खाने के बाद, बर्तन धोता/धोती हूँ।)

शब्दों की पोटली

चिराचिरा

यह शब्द बताता है कि हिमकण जैसी कोई छोटी और हल्की चीज़ गिर रही है।

कोन् कोन्

यह शब्द बताता है कि बहुत देर से लगातार बर्फ़ पड़ रही है।